भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY
☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

अमर उजाला

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 03.04.2019

सकारात्मक ऊर्जा से सफलता निश्चित

स्टूडेंट काउंसिलिंग सर्विसेज ने आयोजित किया 'योग: कर्मसु कौशलम्' विषयक संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर ने आईआईटीयंस को जीवन में सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। कहा कि अगर सकारात्मक ऊर्जा के साथ काम किया जाए तो सफलता पाने से कोई रोक नहीं सकता है। आईआईटी के स्टूडेंट काउंसिलिंग सर्विसेज की ओर से बीएचयू स्वतंत्रता भवन में आयोजित समारोह में श्रीश्री ने कहा कि क्वांटम युग आ गया है और विज्ञान तेजी से विकास कर रहा है। ऐसे में खुद को अपडेट रखने की जरूरत है।

बीएचयू स्वतंत्रता भवन में 'योग: कर्मसु कौशलम्' (ब्रिंगिंग एक्सीलेंस इन एक्शन) विषय पर संवाद में श्रीश्री ने तनाव नियंत्रण, भय नियंत्रण, मानवीय जीवन, आध्यात्मिकता, ध्यान योग आदि विषयों पर खुलकर बातचीत की। कहा कि आत्मबल कैसे जागृत हो, इसके लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। कहा कि भागती-दौड़ती जिंदगी में तनाव को नजदीक नहीं आने देना चाहिए। आईआईटीयंस हमेशा जीवन में बेहतर करना चाहते हैं। युवा का लक्षण उत्साह होता है। श्रीश्री ने कहा कि शरीर बाती और मन ज्योति की तरह है। इसलिए दोनों का परस्पर साथ जरूरी है। आईआईटी निदेशक ने श्रीश्री का स्वागत करते हुए स्टूडेंट काउंसिलिंग के बारे में बताया। इस दौरान विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र मौजूद रहे।

एससीएस सखा लांच

बीएचयू स्वतंत्रता भवन में आयोजित समारोह में श्रीश्री रविशंकर ने स्टूडेंट काउंसिलिंग सर्विसेस (एससीएस) की लांचिंग की। छात्रों की ओर से गठित इस संस्था के माध्यम से एकेडमिक, स्किल, वेलनेस, कॅरियर, इंटरनेशनल एक्सचेंज से जुड़े प्रोग्राम कराए जाएंगे। श्रीश्री ने इस दौरान छात्रों के इस प्रयास की सराहना की।

एसएफसी का विरोध

आईआईटी बीएचयू में श्रीश्री रविशंकर के संवाद कार्यक्रम का स्टूडेंट फार चेंज (एसएफसी) ने विरोध किया है। संगठन की सचिव वंदना की ओर से इसके लिए छात्र-छात्राओं में पर्चे भी बांटे गए। वंदना ने बताया कि श्रीश्री ने स्कूलों के बारे में यह कहा कि सरकार को स्कूल नहीं चलाने चाहिए सिर्फ प्राइवेट स्कूल होने चाहिए। इससे यह पता चलता है कि वह निजीकरण का समर्थन करते हैं। आरोप लगाया कि श्रीश्री अंधविश्वास फैलाने जैसा बयान भी देते रहते हैं। ऐसे में आईआईटी बीएचयू में इनका कार्यक्रम कराया जाना शर्मनाक है।

आईआईटी बीएचयू में श्रीश्री रविशंकर ने बताया **सफलता का मंत्र**

बीएचयू स्थित स्वतंत्रता भवन में मंगलवार को श्रीश्री रविशंकर से सवाल करती युवतीं। अमर उजाला

आईआईटी बीएचयू में चुने गए 53 छात्र सांसद

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू में शनिवार को हुए छात्र संसद (स्टूडेंट पार्लियामेंट) चुनाव के बाद चुने गए छात्र सांसदों की घोषणा मंगलवार को हुई। इसमें विभिन्न विभागों से 53 सांसदों का चुनाव किया गया है। बुधवार को सभी विजयी छात्र सांसदों की पहली बैठक होगी।

इसमें संस्थान में स्टूडेंट पार्लियामेंट के नए सत्र के पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। छात्र सांसद पद के लिए 53 सीट पर 95 प्रत्याशी मैदान में थे। संस्थान के 4660 छात्रों ने अपने 53 सांसदों का चुनाव कर लिया है। इसमें रसायन विभाग, भौतिकी, मेटर्लिजकल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, एसएमएसटी, सिरामिक अभियांत्रिकी विभाग, केमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलाजी विभाग, फार्मास्यूटिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलाजी विभाग आदि विभागों के छात्र शामिल हैं। ब्यूरो